अध्याय

11

सहायक कार्यक्रम

सहायक कार्यक्रम

11.1 सूचना एवं जन जागरुकता कार्यक्रम

11.1.1 भारत वैश्विक अक्षय ऊर्जा परिवर्तन का एक भाग है और अक्षय ऊर्जा क्षमता की दृष्टि से विश्व के पांच शीर्ष देशों में शामिल है। मंत्रालय ने लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सुगम नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने के लिए सुव्यवस्थित रूप से कार्य किया है। सौर तथा पवन विद्युत की बिक्री के लिए अंतर–राज्य शुल्कों की माफी; अक्षय ऊर्जा खरीद बाध्यता ट्रेजेक्टरी; सौर तथा पवन विद्युत की खरीद के लिए स्पर्धात्मक बोली दिशानिर्देश; तापीय विद्युत केन्द्रों के उत्पादन और शिड्यूलिंग में लचीलापन; सौर कूकर कार्यक्रम; सौर–पवन हाइब्रिड नीति; टेक–ऑफ के आश्वासन से जुड़े सौर पीवी उत्पादन; अटल ज्योति योजना, पीएम–कुसुम और सौर पीवी प्रणालियों की स्थापना के लिए मानक आदि कुछ प्रमख पहल हैं। इन सभी पहलों को सही तरीके से लागू करने के लिए अक्षय ऊर्जा के लाभ और उपयोग को जनता तक पहुंचाने, सूचना का प्रचार और प्रसार आवश्यक है। इस परिप्रेक्ष्य में, अक्षय ऊर्जा के लिए आई एंड पीए कार्यक्रमों की संकल्पना की जाती है और क्रियान्वयन के लिए इनका विकास किया जाता है।

11.1.2 कार्यक्रम का क्रियान्वयन सरकारी माध्यमों अर्थात् (i) ब्यूरो ऑफ आउटरीच एंड कम्यूनिकेशन (बीओसी) (ii) भारतीय राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी), (iii) दूरदर्शन, (iv) आल इंडिया रेडियो (एआईआर), (v) अक्षय ऊर्जा के लिए राज्य नोडल विभाग / एजेंसियां और (vi) एनजीओ / शैक्षणिक संस्थान आदि और मंत्रालय तथा अन्य संबंधित संस्थानों / संगठन के माध्यम से भी राष्ट्रीय महत्व की प्रदर्शनियों में हिस्सेदारी करके किया जा रहा है। यह अपने तीन स्वायत्त संस्थानों अर्थात् नाइस, नीवे और एसएसएस–नीबे तथा दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) अर्थात् इरेडा और सेकी के माध्यम से व्यापक रूप से सूचना और जागरूकता प्रदान कर रहा है।

11.1.3 वर्ष के दौरान, अक्षय ऊर्जा के लिए मीडिया रणनीति के व्यापक ढ़ांचे के तहत निम्नलिखित आई एंड पीए गतिविधियां विकसित और कार्यान्वित की गईं:–

i. मंत्रालय ने वर्चुअल प्लेटफार्म पर दिनांक 26 से 28 नवम्बर, 2020 तक री–इन्वेस्ट के तीसरे संस्करण का आयोजन किया। तीसरे री–इन्वेस्ट के लिए इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए प्रचार प्रसार किया गया।

ii. अक्षय ऊर्जा पर विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों के लिए विभिन्न संगठनों को लोगो सपोर्ट दिए गए।

iii. मंत्रालय के तीन संस्थानों और दो पीएसयू के माध्यम से सोशल मीडिया पर कार्यक्रमों, योजनाओं, उपलब्धियों को नियमित रूप से पोस्ट किया जाता है।

iv. आईइसी गतिविधियों के लिए पीएम कुसुम, रूफटॉप सौर, री–इन्वेस्ट पर लघु फिल्मों का निर्माण किया तथा भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों पर पुस्तिका जारी की।

11.2 योजना और समन्वयन

11.2.1 मंत्रालय का योजना और समन्वयन प्रभाग, मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों, विभिन्न नीति और राजकोषीय सुधारों से संबंधित सभी मामलों के लिए समग्र योजना और समन्वय के लिए जिम्मेदार है। इसके कार्यों में मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रम प्रभागों और अन्य संबंधित मंत्रालयों और विभागों अर्थात् प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ), नीति आयोग, विदेश मंत्रालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड (पीआईबी) तथा राज्य नोडल एजेंसियां (एसएनए) और ऊर्जा या अक्षय ऊर्जा विभाग सहित राज्य सरकार की एजेंसियों के साथ निकट संपर्क बनाए रखना शामिल है।

11.2.2 प्रभाग द्वारा वर्ष 2020–21 के दौरान संचालित गतिविधियों में मुख्यतः ग्रिड और ऑफ ग्रिड अक्षय विद्युत में प्राप्त उपलब्धियों के लिए डेटा बेस का संकलन और नियमित अपडेशन, अनुदानों की मांग के संबंध में और जांच के

लिए चयनित अन्य विशिष्ट विषयों से संबंधित ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के लिए रिपोर्ट तैयार करना, प्रमुख उपलब्धियों/पहलों की मासिक रिपोर्ट तथा की गई कार्रवाई की मासिक रिपोर्ट तैयार करना शामिल है। इस कार्य में पीएमओ/कैबिनेट सचिवालय/पीआईबी आदि के लिए मासिक अ.शा. पत्र, कार्रवाई नोट और विभिन्न बैठकों के लिए बहु–क्षेत्रीय इनपुट/ब्रीफ, माननीय राष्ट्रपति/माननीय प्रधानमंत्री के भाषणों के लिए इनपुट, मंत्री/माननीय वित्त मंत्री/एमएनआरई के माननीय मंत्री/सचिव, सांसदों और अन्य महानुभावों को उत्तर देना भी शामिल है।

प्रश्नावलियों/संसद प्रश्नों के उत्तर भी तैयार किए जाते हैं, जिनमें कई योजनाएं/कार्यक्रम, मंत्रालय के विभिन्न पोर्टल जैसे ई–समीक्षा, प्रगति, आदि का अपडेशन शामिल है। अन्य मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त विभिन्न मसौदा कैबिनेट नोट, व्यय वित्त समिति (ईएफसी), स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) और अन्य मंत्रालयों तथा विभागों से प्राप्त प्रश्नों आदि पर टिप्पणियों का समयबद्ध संकलन, बजट के लिए आउटपुट–आउटकम रूपरेखा तैयार करना, आदि कार्य शामिल हैं।

11.3 मानव संसाधन विकास

11.3.1 एमएनआरई की मानव संसाधन विकास (एचआरडी) योजना, उच्च अध्ययन और अनुसंधान पाठ्यक्रमों में आर एंड डी को प्रोत्साहित करने तथा अक्षय ऊर्जा में शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों और अनुसंधान विद्वानों को फेलोशिप देने सहित सभी स्तरों पर मानवश्रम के लिए सहायता प्रदान की जाती है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में परा–स्नातक और डॉक्टोरल स्तरों पर उच्च डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं के लिए उनके पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं के उन्नयन के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करने, चालू करने, प्रचालन और रखरखाव करने के लिए प्रशिक्षित मानवश्रम के सृजन के लिए 50,000 कुशल मानवशक्ति को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए वर्ष 2015 में ***सूर्यमित्र*** नामक कौशल विकास कार्यक्रम तथा पवन ऊर्जा में कौशल विकास के लिए ***वायुमित्र*** कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

मानव संसाधन विकास योजना के विभिन्न घटक निम्नानुसार हैं:

» सभी स्तरों पर कौशल विकास पर ध्यान देने के साथ अक्षय ऊर्जा के विभिन्न पहलुओं पर अल्प–कालिक प्रशिक्षण के आयोजन के लिए शैक्षिक और अन्य संगठनों को सहायता देना।

» सौर जल पंपिंग और पवन ऊर्जा में सूर्यमित्र तथा अन्य कौशल विकास कार्यक्रम

» मंत्रालय द्वारा निम्नानुसार फेलोशिप कार्यक्रमों को सहयोग दिया जाता है:

  * एमएससी/एमटेक/पीएचडी/पीडीएफ डिग्री पाठ्यकम के लिए राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फेलोशिप (एनआरईएफ) योजना

  * सौर ऊर्जा में नवोन्मेषी सोच के साथ अनुसंधान संस्थानों में कार्य कर रहे प्रमुख वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा विज्ञान फेलोशिप योजना।

» प्रयोगशाला और पुस्तकालय के उन्नयन हेतु उच्च शिक्षण संस्थाओं को सहायता

» व्यक्तिगत विशेषज्ञों या विशिष्ट संस्थान के माध्यम से पाठ्यक्रम सामग्री का विकास

» राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना

11.3.2 राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फेलोशिप योजना

एमएनआरई ने एनआरईएफ योजना के तहत फेलोशिप या छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए 11 चयनित शैक्षिक संस्थानों में अक्षय ऊर्जा में एमएससी, एमटेक, पीएचडी पाठ्यक्रमों जैसे उच्च अध्ययन के लिए छात्रों और विद्वानों को अपनी

सहायता देना जारी रखा। वर्ष 2020–21 के दौरान, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 37 पीएचडी, **26** एमटेक या एमई और **20** एमएससी फेलोशिप प्रदान की गईं जिसमें से 17 छात्रों को एमटेक या एमई डिग्री और 10 छात्रों को एमएससी (अक्षय ऊर्जा) डिग्री जारी की गई। सहायता प्राप्त संस्थानों की सूची **तालिका 11.1** में दी गई है।

तालिका 11.1: वर्ष 2020–21 के दौरान एनआरईएफ योजना के तहत एमएनआरई फेलोशिप द्वारा सहायता प्राप्त संस्थान

क्र. सं.	ऐसे संस्थान जिन्हें फेलोशिप प्रदान की गई (एमएससी, एमटेक, जेआरएफ/एसआरएफ (पीएचडी))
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
2.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
3.	पुणे विश्चविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र
4.	पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पुडुचेरी
5.	श्री माता वैष्णों देवी विश्वविद्यालय, कटरा, जम्मू एवं कश्मीर
6.	जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता
7.	कोचीन युनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नालॉजी, कोच्ची
8.	इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नालॉजी, शिबपुर, पश्चिम बंगाल
9.	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
10.	राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल), सीएसआईआर, नई दिल्ली
11.	झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, रांची

11.3.3 कौशल विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण

11.3.4 सूर्यमित्र प्रशिक्षण: वर्ष 2020 तक 50,000 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए मंत्रालय ने वर्ष 2015 में सूर्यमित्र कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की और मार्च 2020 तक 47,166 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षित किया। वर्तमान वर्ष के लिए, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), गुरुग्राम को 4,500 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनका आयोजन मार्च 2020 में नाइस द्वारा जारी रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के माध्यम से देशभर के विभिन्न राज्यों में शामिल किए गए प्रशिक्षण केन्द्रों और भागीदार संगठनों के माध्यम से किया जा रहा है। कुल 47,166 सूर्यमित्रों को मार्च 2020 तक प्रशिक्षित किया गया है, सूर्यमित्र कार्यक्रम 2015–20 के अनुसार राज्य–वार प्रगति। **तालिका 11.2** में दर्शाई गई है।

तालिका 11.2 : वर्ष 2015–16 से 2019–20 के दौरान विभिन्न राज्यों में प्रशिक्षित सूर्यमित्रों की संख्या में प्रगति

क्र. सं.	राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों	मार्च 2020 तक लक्ष्य	2015–16 में प्रशिक्षित	2016–17 में प्रशिक्षित	2017–18 में प्रशिक्षित	2018–19 में प्रशिक्षित	2019–20* में प्रशिक्षित	कुल प्रशिक्षित
1.	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	100	0	0	0	0	0	0
2.	आन्ध्र प्रदेश	2000	235	398	211	464	488	1796
3.	अरुणाचल प्रदेश	200	30	0	0	0	0	30
4.	असम	2500	30	151	252	400	561	1394
5.	बिहार	2500	30	402	287	420	568	1707
6.	चंडीगढ़	100	0	0	58	90	90	238
7.	छत्तीसगढ़	2000	90	369	408	360	778	2005

8.	दादरा एवं नगर हवेली	10	0	0	0	0	0	0
9.	दमण एवं दीव	10	0	0	0	0	0	0
10.	दिल्ली	500	50	0	181	201	240	672
11.	गोवा	400	30	30	54	60	117	291
12.	गुजरात	2000	297	954	335	550	856	2992
13.	हरियाणा	1000	52	121	374	390	480	1417
14.	हिमाचल प्रदेश	500	0	36	138	150	120	444
15.	जम्मू एवं कश्मीर	700	26	0	60	158	306	550
16.	झारखण्ड	2000	0	152	185	180	269	786
17.	कर्नाटक	2500	90	420	513	348	363	1734
18.	केरल	2000	57	176	120	142	240	735
19.	लक्षद्वीप	100	0	0	30	0	0	30
20.	मध्य प्रदेश	4000	269	492	597	1164	1616	4138
21.	महाराष्ट्र	4000	660	829	561	883	1275	4208
22.	मणिपुर	500	30	30	30	60	0	150
23.	मेघालय	250	0	0	0	0	0	0
24.	मिजोरम	200	0	0	0	0	0	0
25.	नागालैंड	200	30	0	30	0	0	60
26.	ओडिशा	2500	0	931	268	567	511	2277
27.	पुडुचेरी	50	0	62	0	0	0	62
28.	पंजाब	2000	30	32	141	120	84	407
29.	राजस्थान	2500	53	581	597	775	1116	3122
30.	सिक्किम	200	0	0	0	0	0	0
31.	तमिलनाडु	2500	122	436	672	912	1132	3274
32.	तेलंगाना	2000	90	274	600	950	1401	3315
33.	त्रिपुरा	250	60	0	28	60	30	178
34.	उत्तर प्रदेश	5000	185	664	795	964	1604	4212
35.	उत्तराखण्ड	500	60	311	78	231	263	943
36.	पश्चिम बंगाल	2500	0	556	564	1313	1566	3999
	कुल	**50270**	**2606**	**8407**	**8167**	**11912**	**16074**	**47166**

*नोटः वित्त वर्ष 2019–20 की तीसरी और चौथी तिमाही में चलाए गए बैच समाप्त होने की रिपोर्ट नाइस से अभी प्राप्त नहीं हुई है।

11.3.5 सौर जल पंपिंगः मंत्रालय ने राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), गुरुग्राम को वित्त वर्ष 2020–21 के लिए अखिल भारतीय आधार पर सौर जल पंपिंग प्रणालियों पर 900 वरुणमित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए 30 प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मंजूरी दी है। नाइस द्वारा इन कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न भागीदार संस्थाओं जैसे कि सरकारी संस्थाएं, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेकनिक और अन्य संबद्ध संस्थाएं, जिन्हें लक्षित साझेदार के रूप में डिप्लोमा धारकों के साथ रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) द्वारा पैनल में शामिल किया गया है।

11.3.6 पवन ऊर्जा में कौशल विकास कार्यक्रम

वायुमित्र फाउंडेशन कोर्सः मंत्रालय ने वर्ष 2020–21 के लिए राष्ट्रीय पवन ऊर्ज संस्थान (नीवे) में 350 प्रशिक्षित कर्मियों के साथ वायुमित्र फाउंडेशन कोर्स नामक 10 लघु–कालिक (5 दिवसीय) प्रशिक्षण पाठ्यक्रम अनुमोदित

किये हैं, जो पवन विद्युत परियोजनाओं की स्थापना, प्रचालन और रखरखाव से संबंधित होंगे। इन 10 कार्यक्रमों में से, 5 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान (जीआरआई), डिंडिगुल, तमिलनाडु तथा 5 कार्यक्रमों का आयोजन नीवे में किया जाएगा। सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरे हो गए।

11.3.7 राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना (एनआरईआई)

मंत्रालय द्वारा नई योजना राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप (द नेशनल रिन्यूएबल एनर्जी इंटर्नशिप – एनआरईआई) के तहत इंटर्न के रूप में भारत या विदेश में मान्यता प्राप्त संस्थानों या विश्वविद्यालयों में नामांकित अंडर–ग्रेजुएट, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री या रिसर्च स्कॉलर का अध्ययन करने वाले छात्रों की सुविधा के लिए इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2020–21 में एमटेक, बीटेक, एमएससी, और एमबीए छात्रों को 13 इंटर्नशिप प्रदान की गई और अन्य 10 इंटर्नशिप का प्रस्ताव है।

11.3.8 अन्य महत्वपूर्ण एचआरडी गतिविधियां और पहलः

क **आईटीआई में अक्षय ऊर्जा (आरई) पाठ्यक्रमः** आईटीआई में पवन ऊर्जा और लघु पन बिजली क्षेत्रों में आरई पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के तहत प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के साथ समन्वय करके पवन ऊर्जा और एसएचपी में पाठ्यक्रम सामग्री को डिजाइन करने के लिए दो समितियों का गठन किया गया था।

ख **ऑनलाइन एचआरडी (मानव संसाधन विकास) पोर्टलः** मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए 6 अक्टूबर, 2020 को एक ऑनलाइन पोर्टल (hrd.mnre.gov.in) की शुरुआत की गई, जिसमें आवेदन को ऑनलाइन प्रस्तुत करने, प्रसंस्करण और अन्य अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फेलोशिप योजना और राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना की ऑनलाइन स्थिति की जाँच करने जैसी सेवाएं शामिल हैं।

ग **तीसरे री–इन्वेस्ट 2020 में भागीदारीः** तीसरे ग्लोबल आरई–इन्वेस्ट 2020 के एक भाग के रूप में दिनांक 27.11.2020 को स्किलिंग फॉर रिन्यूएबल्स फ्रॉम आईटीआई टू आईआईटी विषय पर एक तकनीकी सत्र आयोजित किया गया था। डॉ. वसंता वी. ठाकुर, वैज्ञानिक डी, एमएनआरई इस सत्र के लिए समन्वयक थीं और श्री के. कृष्णन, अध्यक्ष, कॉमनवेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स और प्रबंध निदेशक, स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स, मॉडरेटर थे। पैनल में सचिव, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, कॉमनवेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स से कौशल विशेषज्ञ, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), जिनेवा, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), बेरफुट कॉलेज इंटरनेशनल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुडकी और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) जैसे महानुभाव शामिल थे। सत्र में तकनीशियन स्तर, पर्यवेक्षी स्तर के साथ–साथ अन्य विश्वविद्यालयों में प्रबंधकीय स्तर के पाठ्यक्रमों की आवश्यकता और अक्षय ऊर्जा में री–स्किलिंग और अप–स्किलिंग अल्पावधि पाठ्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

27 नवंबर 2020 को आयोजित वुमेन इन रिन्यूएबल एनर्जी (अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महिलाएं) पर सत्र का समन्वयन डॉ. वसंता वी. ठाकुर, एमएनआरई द्वारा किया गया और अन्य के साथ अक्षय ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, परियोजना विकास के विभिन्न क्षेत्रों में वुमन एचीवर्स द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया। सत्र का प्रमुख कारण यह था कि एमएनआरई–उद्योग–सिविल सोसायटी–शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए अक्षय ऊर्जा के कार्य में महिलाओं को शामिल करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि अक्षय ऊर्जा कंपनियों के पास परामर्श देने के लिए ऐसे प्रायोजक और परामर्शदाता हों, जो महिलाओं को परामर्श, शिक्षित और पोषित कर सकें, ताकि वे नेतृत्व भूमिकाओं में प्रगति कर सकें। पैनल ने इस बात पर बल दिया कि सही पारिस्थितिकी तंत्र के साथ महिलाएं आवश्यक कौशल का चयन कर स्वयं को तैयार कर सकेंगी और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में उभरते अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आत्मविश्वास विकसित कर सकेंगी।

11.4 प्रशासन – ई–गवर्नन्स, सतर्कता, पुस्तकालय और सूचना का अधिकार

11.4.1 ई–गवर्नन्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) पहल

भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल में सहयोग के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पारदर्शिता लाने और हितधारकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए विभिन्न वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप विकसित किए हैं।

एमएनआरई के वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप–ई–गवर्नन्स की ओर एक कदम

क **मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट (https://mnre.gov.in):** मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट को हितधारकों तक सूचनाओं के बेहतर प्रसार के लिए अपडेट और री–डिजाइन किया गया हैं। वैबसाइट पर सूचना हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं।

ख **स्पिन पोर्टल (https://solarrooftop.gov.in):**

इस पोर्टल का विकास सौर रूफटॉप परियोजनाओं की संस्थापना के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन और परियोजना समाप्ति रिपोर्टों को प्रस्तुत करने के लिए किया गया था। यह पोर्टल उमंग पोर्टल के साथ भी सिंक्रोनाइज्ड है।

ग **एचआरडी पोर्टल (https://hrd.mnre.gov.in):**

यह पोर्टल मंत्रालय के निम्नलिखित एचआरडी कार्यक्रमों के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए विकसित किया गया है:

- राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना,
- राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फेलोशिप कार्यक्रम,
- राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा विज्ञान फेलोशिप कार्यक्रम,
- अक्षय ऊर्जा में अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम,

घ **सीसीडीसी सोलर (https://scms.gov.in/):**

यह पोर्टल नई सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए आवश्यक घटकों के आयात के लिए रियायती सीमा–शुल्क प्रमाणपत्र जारी करने के लिए है।

सौर ऊर्जा परियोजनाओं की शुरुआती स्थापना के लिए सामग्री के आयात के लिए सीमा शुल्क में छूट

वित्त मंत्रालय की दिनांक 6 जनवरी, 2011 की अधिसूचना संख्या 1/2011–सीमा शुल्क, दिनांक 6 जनवरी 2011; अधिसूचना (संशोधन) सं. 21/2011–सीमा शुल्क, दिनांक 17 मार्च 2012, अधिसूचना (संशोधन) सं. 14/2014–सीमा शुल्क, दिनांक 11 जुलाई, 2014 की अधिसूचना सं. 44–2017–सीमा शुल्क दिनांक 30 जून 2017 के संदर्भ में यह मंत्रालय सौर ऊर्जा परियोजनाओं की प्रारंभिक स्थापना के लिए आवश्यक वस्तुओं / सामग्रियों / घटकों के आयातों के लिए शुल्क रियायत प्राप्त करने के लिए रियायती सीमा शुल्क प्रमाण पत्र (सीसीडीसी) जारी करता था। वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान, मंत्रालय ने 6156.49 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं के लिए सीसीडीसी जारी करने के लिए आवेदन स्वीकार किये थे। वित्त वर्ष 2020–21 के लिए बजट घोषणा को देखते हुए, जिसके बाद वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 1 फरवरी, 2021 की अधिसूचना सं. 7/2021–सीमा शुल्क के माध्यम से, दिनांक 6 जनवरी, 2011 की पूर्व अधिसूचना तथा अनुवर्ती संशोधनों को रदद् करते हुए, सीसीडीसी जारी करना बंद कर दिया गया है।

ड़ **सीसीडीसी पवन (https://ccdcwind.gov.in/):**

इसी प्रकार यह पोर्टल पवन टरबाइनों के विनिर्माण के लिए आवश्यक घटकों के आयात के लिए रियायती सीमा–शुल्क प्रमाणपत्र जारी करने के लिए है।

च **बायोऊर्जा पोर्टल (https://biourja.mnre.gov.in):**

यह निम्नलिखित योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के लिए है:

» शहरी, औद्योगिक, कृषि अपशिष्ट/अवशिष्ट और नगरपालिका ठोस अपशिष्ट से ऊर्जा।

» देश में चीनी मिलों और अन्य उद्योगों में बायोमास–आधारित सह–उत्पादन को प्रोत्साहन।

छ **बायोगैस वेब पोर्टल (https://biogas.mnre.gov.in/):** यह पोर्टल नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं जैव खाद कार्यक्रम (एनएनबीओएमपी) योजना के कार्यान्वयन के लिए है और यह मोबाइल ऐप प्लेटफॉर्म (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.app.biogas) पर भी उपलब्ध है।

ज **आर एंड डी पोर्टल (https://serviceonline.gov.in/dbt/):** यह अक्षय ऊर्जा से संबंधित अनुसंधान एवं विकास प्रस्तावों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए है।

झ **सोलर ऑफ–ग्रिड पोर्टल (https://solaroffgrid.mnre.gov.in/):** यह पोर्टल ऑफ ग्रिड और विकेन्द्रीकृत सौर पीवी अनुप्रयोगों की स्थापना के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रस्तावों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए विकसित किया गया था।

ञ **पीएम कुसुम पोर्टल (http://pmkusum.mnre.gov.in/landing.html):** यह पोर्टल किसानों हेतु बनाई गई पीएम कुसुम योजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए विकसित किया गया था।

ट **सोलर स्ट्रीट लाइट पोर्टल (https://ssl.mnre.gov.in/):** यह सौर स्ट्रीट लाइट की स्थापना की निगरानी के लिए विकसित किया गया था जो मोबाइल ऐप (https://play.google.com/store/apps/details?id=com.mnre.streetlightingapp) के माध्यम से भी उपलब्ध है।

ठ **इनवेस्टमेंट पोर्टल (https://investment.mnre.gov.in/):** यह पोर्टल आरई डेवलपर्स की शिकायतों को दूर करने के लिए उद्योग और निवेशकों को एक ही स्थान पर सहायता और सुविधा प्रदान करने के लिए है।

ड **अक्षय ऊर्जा पोर्टल (https://akshayurja-gov-in):** यह पोर्टल अक्षय ऊर्जा की उपलब्ध समग्र क्षमता, ग्रिड संबद्ध और ऑफ ग्रिड सहित प्रत्येक ऊर्जा के लिए उपलब्ध कुल क्षमता वर्धन और मासिक उत्पादन के बारे में जानकारी प्रदान करता है। ये आंकड़े राज्य–वार उपलब्ध हैं।

ढ **आईआरआईएक्स (भारतीय अक्षय ऊर्जा विचारों का आदान–प्रदान) पोर्टल (https://irix.gov.in) :** आईआरआईएक्स, नवीकरणीय ऊर्जा पर विचारों का आदान–प्रदान करने और उत्प्रेरित करने के लिए एक बहु–हितधारक सहयोगी मंच है।

ण **ईएचआरएमएस:** ई–एचआरएमएस, कार्मिक प्रबंधन गतिविधियों जैसे छुट्टी, पोस्टिंग, पदोन्नति, स्थानांतरण, सेवा पुस्तिका के रखरखाव आदि के लिए एक सामान्य एप्लिकेशन टूल है।

त **ई–ऑफिस:** मंत्रालय ने ई–ऑफिस को पूरी तरह से लागू कर दिया है, जो फाइलों और प्राप्तियों/पत्रों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने और ऑनलाइन संचलन के लिए है। ई–ऑफिस की प्रभावकारिता और उपयोगिता विशेष रूप से लॉकडाउन समय के दौरान दिखाई दी थी, जब 'वर्क फ्राम होम' अवधियों के दौरान भी मंत्रालय का काम बिना किसी व्यवधान के जारी रहा।

11.4.2 सतर्कता

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के सतर्कता प्रभाग को भारत सरकार और केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी विभिन्न नियमों, दिशानिर्देशों और अनुदेशों के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक उपाय करने का दायित्व सौंपा गया है। मंत्रालय का सतर्कता एकक मंत्रालय और इसके तीन स्वायत्त निकायों, नामतः राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नीवे) और राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (नीबे) के सतर्कता कार्यों की देखरेख करता है। इस प्रभाग को मंत्रालय के अधिकारियों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) और अचल संपत्ति विवरणी (आईपीआर) के रखरखाव का दायित्व सौंपा गया है।

वर्ष 2020 के दौरान सतर्कता प्रभाग में प्राप्त शिकायतों की नियमों आदि दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

मंत्रालय में दिनांक 27 अक्तूबर, 2020 से 02 नवम्बर, 2020 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया और निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए:–

» सभी कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा सत्यनिष्ठा की शपथ ली गई।

» निवारक सतर्कता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

» मंत्रालय के अधिकारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

» मंत्रालय के परिसर में भ्रष्टाचार निवारण और निवारक सतर्कता पर स्लोगन व बैनर लगाए गए।

» सतर्कता मामलों पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मंत्रालय और इसके स्वायत्त संगठनों के संबंध में सत्यनिष्ठा संबंधी मामले अपलोड किए गए और बोर्ड स्तर के अधिकारियों के संबंध में सतर्कता संबंधी जानकारी को ई–पोर्टल सॉल्व (एसओएलवीई) पर मासिक रूप से अद्यतित किया जाता है। इस मंत्रालय के अधिकारियों की नियमानुसार 56(जे) के तहत लगातार समीक्षा भी की जाती है।

11.4.3 पुस्तकालय

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का पुस्तकालय अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में संदर्भ केन्द्र और ज्ञान भंडार के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 15,527 पुस्तकें (उपहार में प्राप्त पुस्तकों सहित) उपलब्ध हैं जिनमें अक्षय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक विज्ञान, धारणीय विकास, इतिहास, समाजशास्त्र, भारतीय साहित्य, कंप्यूटर विज्ञान आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों की पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय के संग्रह में आम रुचि की पुस्तकें जैसे – खाद्य पदार्थ, रसोई, मूर्ति कला, पेंटिंग, पर्वतारोहण आदि भी शामिल हैं।

» मंत्रालय में गठित पुस्तकालय समिति पुस्तकों की संवीक्षा करती है और पुस्तकालय द्वारा खरीद हेतु इनकी संस्तुति करती है।

» वर्तमान में पुस्तकालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में 40 पाक्षिक पत्रिकाएं खरीदी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय द्वारा आवश्यकतानुसार हिन्दी और अंग्रेजी में कुल 23 समाचार पत्र भी खरीदे जा रहे हैं। पुस्तकालय क्लाउड आधारित सॉफ्टवेयर ई–ग्रंथालय वर्जन 4.0 का उपयोग कर रहा है।

11.4.4 सूचना का अधिकार अधिनियम

मंत्रालय द्वारा कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), केन्द्रीय सूचना आयोग और गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन किया जा रहा है। आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने संबंधी प्रक्रिया/अन्य विवरण एमएनआरई वेबसाइट www.mnre.gov.in पर उपलब्ध है।

दिनांक 01.01.2020 – 31.12.2020 तक की अवधि के दौरान प्राप्त किए गए, निपटाए गए तथा लंबित आरटीआई आवेदनों/प्रथम अपीलों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट **तालिका–11.3** में दी गई है।

तालिका 11.3 : दिनांक 01.01.2020 से 31.12.2020 तक की अवधि के दौरान प्राप्त किए गए, निपटाए गए तथा लंबित आरटीआई आवेदन/प्रथम अपील

सामग्री	प्राप्त	निपटान किया गया	31.12.2020 की स्थिति के अनुसार लंबित
आरटीआई आवेदनों	554	511	43
प्रथम अपीलें	80	71	09

मंत्रालय ने आवंटित किए गए विषय के अनुसार आरटीआई आवेदनों और प्रथम अपील का उत्तर देने के लिए केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और प्रथम अपील अधिकारी (एफएएए) नियुक्त किए हैं। सीपीआईओ और प्रथम अपील अधिकारियों की सूची **तालिका–11.4** में दी गई है। सुश्री अलका जोशी, उप सचिव की अगुवाई में मंत्रालय का आरटीआई एकक सभी भौतिक और ऑनलाइन आवेदनों का समन्वयन करता है और केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों और प्रथम अपील अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर उनका उत्तर देने के लिए अग्रेषित करता है।

तालिका–4 : कार्य के पुनरावंटन के आधार पर नामित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और अपील अधिकारियों की सूची (31.12.2020 की स्थिति के अनुसार)

क्र. सं.	विषय	सीपीआईओ	अपील अधिकारी
1.	स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) सहित जलवायु परिवर्तन संबंधी पहलें, नियामक अनुपालना निदेशालय, आरईसी नीति, री–इन्वेस्ट संबंधी दस्तावेज, आईएसए, एनसीईएफ, नई प्रौद्योगिकियाँ, हाइड्रोजन ईंधन सेल, हरित जलवायु कोष परियोजनाएं और एमओईएफ एवं सीसी तथा नाबार्ड, नेशनल बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रिक मोबाइलिटी (एनबीईएम) के साथ समन्वयन।	श्री दीपेश फेरवानी, वैज्ञानिक 'सी'	डॉ. पी.सी. मैथानी, वैज्ञानिक 'जी'
2.	मासिक पुनः प्रगति डाटा संकलन और अद्यतन, मासिक कैबिनेट अर्धशासकीय पत्र बनाना, मंत्री जी की बैठकों हेतु संक्षिप्त नोट तैयार करना, राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन संबंधी सभी मामले।	श्री अनुभव उप्पल, वैज्ञानिक 'सी'	डॉ. पंकज सक्सेना वैज्ञानिक 'जी'

3.	ईएफसी / कैबिनेट/पावर नोट्स / कान्सैप्ट पेपर पर अन्य मंत्रालयों से प्राप्त टिप्पणियाँ। बैक ग्राउंड नोट तैयार करना। स्थायी समिति की बैठकों के लिए पीपीटी निर्माण / ऊर्जा मंत्री संगोष्ठी / आरपीएम बैठक / अन्य समीक्षा बैठक इत्यादि। माननीय मंत्रीजी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण के इनपुट तैयार करना/ माननीय वित्त मंत्री का बजट भाषण तैयार करना, विजन डॉक्यूमेंट की सिफारिशों पर पूर्वोत्तर क्षेत्र की एटीआर सहित वार्षिक रिपोर्ट हेतु अध्याय का संक्षिप्त लेखन, पीआईबी इनपुट के लिए वर्ष की समाप्ती की समीक्षा। वार्षिक पीएम अवसंरचना खंड समीक्षा एवं आउट पुट मोनिट्रिंग फ्रेम (ओओएमई) सहित नीति आयोग से संबन्धित सभी मामले। बजट घोषणा के अपडेट सहित ई–समीक्षा पोर्टल और अन्य पोर्टलों को नियमित अपडेट करना। अन्य विविध कार्य।	श्री विपिन कुमार, उप निदेशक	श्री जे. राजेश कुमार, आर्थिक सलाहकार
4.	हरित ऊर्जा कॉरिडोर, भूतापीय, सागरीय/ज्वारीय ऊर्जा	श्री रोहित ठकवानी वैज्ञानिक 'सी'	श्री गिरीश कुमार वैज्ञानिक 'ई'
5.	सूचना प्रौद्योगिकी, आरई–पोर्टल प्रयोगशाला नीति, मानक और गुणवत्ता नियंत्रण का विकास	श्री विक्रम ढाका, वैज्ञानिक 'सी'	श्री अरूण कुमार, निदेशक
6.	लद्दाख में पीएमपीडी के अंतर्गत सौर परियोजनाएं, पूर्वोत्तर राज्यों, झारखंड और ओडिशा में सौर पार्क, अन्य सीपीएसयू द्वारा यूएमआरईपीपी	श्री अरविंद एमए, वैज्ञानिक 'सी"	श्री सुनील कुमार गुप्ता,वैज्ञानिक 'डी'
7.	वीजीएफ योजना, रूफटोप पीवी और लघु सौर विद्युत उत्पादन कार्यक्रम (आरपीएसएसजीपी), जीबीआई योजना, सौर शहर और ग्रीन बिल्डिंग, एनटीपीसी–बंडलिंग, एनटीपीसी–ईपीसी परियोजनाएं, कोणार्क योजना/वाणिज्य विभाग से संबन्धित मामले।	श्री अरविंद एमए, वैज्ञानिक 'सी"	श्री गिरीश कुमार, वैज्ञानिक 'ई'
8.	बायोमास विद्युत योजनाएं और नीतियां, जैव ऊर्जा मिशन, बायोमास कुक स्टोव, बायोमास गैसीफायर और जैव ऊर्जा संबंधी विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं से जुड़े सभी कार्य	सुश्री प्रिया, वैज्ञानिक 'सी'	श्री असीम कुमार, निदेशक
9.	अपशिष्ट से ऊर्जा	श्री विजय कुमार भारती, वैज्ञानिक 'सी'	श्री असीम कुमार, निदेशक
10.	बायो गैस विद्युत (ऑफ ग्रिड कार्यक्रम), बायो गैस प्रशिक्षण केंद्र और बायोमास आर एंड डी	श्री एस.आर. मीणा, वैज्ञानिक 'सी'	श्री दिनेश दयानन्द जगदले, संयुक्त सचिव
11.	इरेडा, सेकी के सभी प्रशासनिक मामले	श्री अरविंद सहदेव घोलप, अनुभाग अधिकारी	श्री संजय कर्णधार, वैज्ञानिक 'डी'

12.	ऑफ–ग्रिड सौर, कृषि पंप योजना, स्ट्रीट लाइट, होम लाइट, एसएडीपी, अक्षय उर्जा शॉप, कुसुम कार्यक्रम	श्री शोभित श्रीवास्तव वैज्ञानिक 'डी'	श्री जीवन कुमार जेठानी, वैज्ञानिक 'ई'
13.	एचआरडी एंड आईटीईसी	डॉ वसन्ता वी ठाकुर वैज्ञानिक 'डी'	श्री जी. उपाध्याय, वैज्ञानिक 'जी'
14	ऊर्जा भंडारण, भूतल परिवहन के लिए बिजली चालित वाहन, अक्षय ऊर्जा पत्रिका, मीडिया पॉलिसी, स्टोरेज, बैटरी टेस्टिंग (आर एंड डी), ईएफएम	श्री तरुण सिंह वैज्ञानिक 'डी'	डॉ. पी.सी. मैथानी, वैज्ञानिक 'जी'
15	रूफटॉप सोलर, प्रत्येक राज्य में एक सौर शहर, जिनमें घरों का 100 प्रतिशत सोलरीकरण	श्री मनीष सिंह बिस्ट, वैज्ञानिक 'सी'	श्री हिरेन बोराह, वैज्ञानिक 'डी'
16	पवन ऊर्जा (तटीय), पवन ऊर्जा (अपतटीय), लघु पवन, लघु पवन, आर एवं डी (पवन)	श्री पी.के. दाश वैज्ञानिक 'डी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
17	आर एंड डी समन्वय और निगरानी	श्री किशोर कुमार, उप निदेशक	श्री अनिल कुमार, वैज्ञानिक 'डी'
18	दिशानिर्देश और मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी), सीपीएसयू सरकारी उत्पादक योजना, नहरों के ऊपर सौर योजना, जीएसटी सेल, सौर उत्पादक योजना, एफडीआई सेल, अक्षय ऊर्जा उद्योग संवर्धन और सुविधा बोर्ड	श्री संजय कर्णधार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
19	द्वीपों की हरियाली	श्री संजय कर्णधार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
20	री–इन्वेस्ट का आयोजन, लघु पन बिजली परियोजनाएं	श्री एस. के. साही, वैज्ञानिक 'डी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
21	डीबीटी सेल	श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
22	सौर ऊर्जा विद्युत परियोजनाओं के लिए सीसीडीसी	श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री बी.के. पांडा, वैज्ञानिक 'ई'
23	बायोगैस से संबंधित जी.एस.टी.	श्री एस.आर. मीणा, वैज्ञानिक 'डी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
24	पवन सीडीसी/ईडीई से संबंधित जीएसटी	श्री एस.के. खुराना, अवर सचिव	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
25	सौर सीडीसी/ईडीई से संबंधित जीएसटी	श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
26	ऑफ ग्रिड सोलर से संबंधित जीएसटी	श्री शोभित श्रीवास्तव, वैज्ञानिक 'डी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
27	बायोमास से संबंधित जीएसटी	सुश्री प्रिया, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
28	पवन ऊर्जा के लिए सीसीडीसी	श्री एस.के. खुराना, अवर सचिव	श्री बी.के. पांडा, वैज्ञानिक 'ई'
29	आई एंड पीए और सेमिनार तथा संगोष्ठी	श्री ए.के. मनीष, अवर सचिव	श्री एन.बी. राजू, वैज्ञानिक 'ई'

30	सतर्कता	सुश्री सुनीता धेवाल, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
31	राष्ट्रीय सौर मिशन, सौर पार्क, रक्षा योजनाएँ	श्री देवेन्द्र सिंह, अवर सचिव	श्री दिलीप निगम, वैज्ञानिक 'जी'
32	अंतर्राष्ट्रीय संबंध (आईआर)	श्री चलपति राव, वैज्ञानिक 'सी'	श्री असीम कुमार, निदेशक
33	नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), का कार्यालय	श्री डी.के. पांडे, अवर सचिव	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
34	विधायी प्रकोष्ठ	श्री ए.के. सिंह, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
35	संसदीय कार्य	श्री ए. के. सिंह, अवर सचिव	डॉ. पंकज सक्सेना, वैज्ञानिक 'जी'
36	जनता की शिकायतें	श्री ए.के. सिंह, अवर सचिव	सुश्री अलका जोशी, उप सचिव
37	प्रशासन	श्री अरविंद पोखरियाल, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
38	एसएसएस–नीबे के सभी मामले	श्री योगिंदर सिंह, अवर सचिव	श्री असीम कुमार, निदेशक
39	आईएफडी	श्री के.जी. सुरेश कुमार, अवर सचिव	श्री संदीप मुखर्जी, उप सचिव
40	आरटीआई मामले, लाइब्रेरी, बजट, व्यय की निगरानी, लेखा परीक्षा और सांख्यिकीय विश्लेषण	सुश्री सुनीता सजवान, अवर सचिव	सुश्री अलका जोशी, उप सचिव
41	रोकड़ अनुभाग	सुश्री सुनीता सजवान, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
42	हिन्दी	श्री नन्दन सिंह दुग्ताल, उप निदेशक (रा.भा.)	सुश्री अलका जोशी, उप सचिव
43	पीएओ, बजट	श्री प्रताप सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	श्री अरविंद कुमार, प्रमुख लेखा नियंत्रक
44	नाइस के सभी प्रशासनिक और वित्तीय मामले	श्री देवेन्द्र सिंह, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
45	नीवे के सभी प्रशासनिक और वित्तीय मामले	श्री राहुल रावत, वैज्ञानिक 'सी'	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव

अध्याय

12

अक्षय ऊर्जा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

अक्षय ऊर्जा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

12.1 मंत्रालय का अंतर्राष्ट्रीय संबंध (आईआर) प्रभाग, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग, विकास और स्थापना के लिए तथा समझौता ज्ञापन (एमओयू) और करार पर हस्ताक्षर करने के लिए अन्यों के साथ–साथ आर्थिक कार्य विभाग (डीईए), विदेश मंत्रालय (एमईए), विभिन्न देशों में स्थित भारतीय मिशन, भारत में स्थित विभिन्न देशों के दूतावास, बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ लगातार कार्य कर रहा है।

12.2 वर्तमान वर्ष के दौरान भी मंत्रालय ने अधिकतर वर्चुअल मोड के माध्यम से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और संयुक्त कार्य समूह (जेडबल्यूजी) बैठकें आयोजित करके समझौता ज्ञापन, कार्यान्वयन समझौते (आईए) पर हस्ताक्षर करके नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। शिष्टमंडल का नेतृत्व अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में इन कार्यक्रमों के लिए माननीय मंत्री और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर किया गया।

12.3 एमएनआरई ने नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न देशों और संगठनों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) और करारों पर हस्ताक्षर किए हैं। हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के तहत संयुक्त कार्य समूह (जेडबल्यूजी) का गठन, कार्यान्वयन के लिए संयुक्त गतिविधियों की पहचान करने, चयन करने और निर्माण करने के लिए किया गया। विदेश मंत्रालय (एमईए), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी), वाणिज्य और ऊद्योग मंत्रालय (एमओसीएंडआई), विद्युत मंत्रालय (एमओपी), नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांन्सर्फोमिंग इंडिया (नीति) आयोग जैसे अन्य मंत्रालयों द्वारा स्थापित संयुक्त कमीशन बैठकों (जेसीएम), संयुक्त कार्य समूह (जेडब्लूजी) बैठकों, संयुक्त व्यपार समितियों (जेटीसी) बैठक के माध्यम से विभिन्न देशों के साथ बातचीत की जा रही है। सहयोग के लिए पारस्परिक रूप से सहमत परियोजनाओं और कार्यों की स्थापना भी विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय स्तर पर की गई, हालांकि उनके साथ कोई विशिष्ट समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं।

12.4 इसके अलावा, एमएनआरई द्वारा अन्यों के साथ–साथ एसोसियेशन ऑफ साउथ–इस्ट एशियन नेशंस (आसियान), बे ऑफ बेंगाल इनिशियेटिव फॉर मल्टी–सेक्टोरल टेकनीकल एंड इकनॉमिक कोओपरेशन (बीम्सटेक), ब्राजील–रशिया–इंडिया–चाइना–साउथ अफ्रीका (ब्रिक्स), कोलंबो प्लान, जी–20, इंडिया–ब्राजील–साउथ अफ्रीका (आईबीएसए), इंडियन ओशियन रिम एशोसियेशन (आईओआरए), साउथ एशियन एशोशियेशन फॉर रीजनल कोओपरेशन (सार्क), साउथ एशिया सब–रीजनल इकोनोमिक कोओपरेशन (सासेक) और शांघाइ कोओपरेशन ओर्गेनाइजेशन (एससीओ) जैसे विभिन्न बहुपक्षीय सहयोग ढ़ांचे के तहत सहयोग किया जा रहा है।

12.5 मंत्रालय अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के बारे में तकनीकी जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए अन्यों के साथ–साथ एशियाई विकास बैंक (एडीबी), एजेंसी फ्रांकेइस डि डेवलपमेंट (एएफडी), डेनिश एनर्जी एजेंसी (डीईए), टेक्निकल यूनिवर्सिटी ऑफ डेनमार्क (डीटीयू), यूरोपीय संघ (ईयू), फोरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ), डायचे गेसल्सचफ्ट फर इंटरनेशनल जुसमेनरबीट (जीआईजेड़), इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी (इरेना), इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए), अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), क्रिडेस्तानस्टाल्ट फ्यूर वाडेराफ्यूबाऊ (केएफडबल्यू), फिजिकलिश्च–टेक्निश्चे बनडेशानस्टॉल (पीटीबी), यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड), यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी), यूनाइटेड नेशंस इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (यूनिडो), वर्ल्ड बैंक (विश्व बैंक) जैसी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और एजेंसियों के साथ कार्य करता है।

12.6 मंत्रालय, भारत सरकार के इंडियन टेक्निकल एंड इकोनोमिक कॉर्पोरेशन (आईटीईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), गुरुग्राम, राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नीवे), चेन्नई, वैकल्पिक हाइड्रो इलेक्ट्रिक सेंटर (एएचईसी), आईआईटी, रुडकी जैसे प्रमुख संस्थानों के माध्यम से विकासशील और कम विकासशील देशों में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, भारत में लघु पन बिजली और बायोमास के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन की व्यवस्था भी करता है।

12.7 वर्तमान वर्ष के दौरान, निम्नलिखित समझौता ज्ञापन और सहयोग करार पर हस्ताक्षर किए गए:–

» "एक–सूर्य–एक–विश्व–एक ग्रिड (ओसोवोग) पहल के कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 08.09.2020 को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा इंटरनेशनल बैंक फॉर रिकंस्ट्रक्शन एंड डेवलमेंट और इंटरनेशनल डेवलपमेंट एसोशियेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

» सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए दिनांक 10.12.2020 को राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), भारत सरकार तथा इंटरनेशनल सोलर एनर्जी इंस्टीट्यूट (आईएसईआई), उज्बेकिस्तान सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

» अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए मिनिस्ट्री फॉर द इकोलॉजिकल ट्रान्जिशन ऑफ द फ्रेंच रिपब्लिक और भारत गणराज्य के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर नई दिल्ली में दिनांक 28.01.2021 को हस्ताक्षर किए गए।

12.8 वर्तमान वर्ष के दौरान, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निम्नलिखित संयुक्त कार्य समूह (जेडबल्यूजी) की बैठकों का आयोजन किया गया (**तालिका–12.1**):–

तालिका–12.1 : एमएनआरई द्वारा आयोजित संयुक्त कार्य समूह की बैठकें

क्र.सं.	देशों के बीच	बैठकों की तिथि	अभ्युक्तियां
1	भारत गणराज्य की सरकार का नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और मिनिस्ट्री ऑफ इंडस्ट्री ऑफ द रिपब्लिक ऑफ आइसलैंड	28 अगस्त, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
2	भारत गणराज्य की सरकार का नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और द मिनिस्ट्री ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड ट्रान्सपोर्ट ऑफ द रिपब्लिक ऑफ फिजी	10 सितम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
3	भारत गणराज्य की सरकार और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटन तथा नोर्दन आयरलैंड की सरकार	18 सितम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
4	भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और संयुक्त अरब अमीरात की सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ फोरेन अफेयर्स, डीईसीसी	11 नवम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
5	भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और यूरोपीय संघ	13 नवम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
6	भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और द मिनिस्ट्री ऑफ एनर्जी एंड माइनिंग ऑफ द रिपब्लिक ऑफ पेरु	11 दिसम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
7	भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और द मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन ऑफ द गवर्नमेन्ट ऑफ द रिपब्लिक ऑफ म्यांमार	18 दिसम्बर, 2020	वर्चुअल रूप से आयोजित
8	भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और द मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एंड वॉटर अथोरिटी ऑफ गवर्नमेन्ट ऑफ किंग्डम ऑफ बहरीन	04 फरवरी, 2021	वर्चुअल रूप से आयोजित

उक्त के अलावा, एमएनआरई के तकनीकी सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत द्विपक्षीय/बहुपक्षीय एजेंसियों के साथ विभिन्न बैठकों, तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों आदि का कोविड–19 महामारी के दौरान भी वर्चुअल रूप से आयोजन किया गया।

12.9 तीसरे ग्लोबल रि–इन्वेस्ट मीट एंड एक्सपो का आयोजन दिनांक 26 से 28 नवम्बर 2020 के बीच वर्चुअल प्लैटफॉर्म पर किया गया। 27–28 नवम्बर 2020 के दौरान ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, इटली, मालदीव, यूनाइटेड किंगडम और यूरोपीय संघ तथा संयुक्त राष्ट्र अमरीका की एजेंसियों जैसे नौ देशों के सत्र आयोजित किए गए। ये सत्र बेहद लाभकारी थे जिनमें देश विशिष्ट की रुचि वाले क्षेत्रों और प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया।

12.10 द साऊथ एशियन ग्रुप फॉर एनर्जी (एसएजीई), मंत्रालय की संस्थाओं जैसे कि राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नीवे), राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) और राष्ट्रीय बायोमास ऊर्जा संस्थान (नीबे) तथा अमरीका की तीन राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं जैसे कि लोरेंस बर्कली नेशनल लेबोरेटरी (एलबीएनएल), द नेशनल रिन्युएबल एनर्जी लेबोरेटरी (एनआरईएल) और द पेसिफिक नार्थ–वेस्ट नेशनल लेबोरेटरी (पीएनएनएल) के बीच सहयोग के लिए एक संघ है। एसएजीई की शुरुआत एमएनआरई तथा यूएसएड द्वारा दिनांक 7 जुलाई 2020 को संयुक्त रूप से की गई। कई प्रमुख क्षेत्रों, जो इस सहयोग के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करेंगे, की प्रतिभागी संस्थाओं द्वारा पहचान की गई है।

